— 1

प्रेस नोट

दिनांक:-07.04.2023

श्रीमान रवि दत्त गौड पुलिस आयुक्त जोधपुर व श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर के निर्देशानुसार अपराध में संलिप्त वाहनों की विशेष चैकिगं अभियान यातायात पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा दिनांक 18.03.2023 को काक्स कुटीर मोड़ पर एक मोटर साईकिल नम्बर आरजे 34 एसी 8641 को चालक बिना हेलमेट होने पर रूकवाया व कागजात के अभाव में सीज किया गया । उक्त मोटर साईकिल यातायात पुलिस मालखाना में जमा करवाई गयी जिस पर मालखाना प्रभारी श्री पूरणमल हैडकानि 1441 व श्री रजत कुमार कानि 1973 द्वारा उक्त मोटर साईकिल पर लगी नम्बर प्लेट संदिग्ध लगने पर चेसिस नम्बर को ई-डीवाईस मशीन से चैक करने पर मोटर साईकिल के नम्बर आरजे 43 एसडी 7330 पाये गये तो मालिक के मोबाईल नम्बर 7726808888 पर बात करने पर एमसी चोरी होनी बताई तथा पुलिस थाना बाप जिला जोधपुर ग्रामीण मुकदमा दर्ज होना बताया।

यातायात शाखा मालखाना श्री पूरणमल हैकानि 1441 व श्री रजत कुमार कानि 1973 की सर्तकता से उक्त मोटर साईकिल छुड़ाने आये 1. श्री राकेश पुत्र बगडुराम जाति विश्नोई उम्र 23 साल निवासी जम्भ नगर पीएस चाकू जोधपुर 2. श्री सदासुख पुत्र पत्तराम जाति विश्नोई उम्र 18 साल निवास मोटाई पीएस चाकू जोधपुर 3. श्री मांगीलाल पुत्र पप्पुराम जाति विश्नोई उम्र 23 साल निवासी बज्जु पीएस बज्जु जिला बीकानेर को चोरी की मोटर साईकिल का कब्जा व परिवहन में संदिग्ध होने पर पुलिस थाना महामन्दिर को सुपूर्द किया। पुलिस थाना महामन्दिर द्वारा उक्त व्यक्यिों से पुछताछ कर जांच की जा रही है।

(चैनसिंह महेचा)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, आयुक्तालय जोधपुर